हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान कर महिला...



07 किशोर-किशोरियों ने नुक्कड़ नाटक से दिया...



खबर संक्षेप

गांधी जयंती पर बेदाखेड़ी में सद्भावना शिविर

सीहोर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2026 को जिले के ग्राम बेदाखेड़ी, तहसील आष्टा में जिला स्तरीय अस्पृश्यता निवारण सद्भावना शिविर एवं सहभोज कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की अध्यक्षता में आयोजित होगा।

अनुभवों का मिलन की तैयारियां तेज

सीहोर। राष्ट्रीय अस्मिता जागरण न्यास, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 'अनुभवों का मिलन 2026' को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। कार्यक्रम के आमंत्रण-पत्र सेवा-निवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के घर-घर पहुँचाए जा रहे हैं। यह आयोजन उनके सेवाकाल के अनुभवों, समर्पण और समाज के प्रति योगदान, आपसी आत्मीयता एवं संवाद का अवसर बनेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओमप्रकाश श्रीवास्तव सेवानिवृत्त आईएएस एवं पूर्व गृह सचिव, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल तथा डॉ. विकास दवे, वरिष्ठ साहित्यकार एवं निदेशक, मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी, भोपाल उपस्थित रहेंगे।

एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे की पहल पर जिलेभर के संस्थानों से होंगे अनुबंध

सीनियर सिटीजन पंचायत से जुड़े 4 निजी संस्थान बुजुर्गों को राशन, जांच और दवाइयों पर मिलेगी छूट

इंदौर, रतलाम और विदिशा के बाद अब सीहोर के वरिष्ठ नागरिकों का सहारा बनी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर पुलिस ने जिले के वरिष्ठ नागरिकों के सुरक्षा, सेवा और सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए एक बड़ी सौगात दी है। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में गठित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत ने जिले के चार प्रमुख व्यावसायिक और स्वास्थ्य संस्थानों के साथ एमओयू (अनुबंध) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस नवाचार के तहत अब सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत के पहचान पत्र धारी बुजुर्गों को जांच, इलाज, दवाइयों, राशन और होटल-रेस्टोरेंट में विशेष डिस्काउंट प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शहर के चार प्रतिष्ठित संचालक स्वेच्छा से आगे आए हैं, जिसमें वैष्णवी पैथोलॉजी के प्रदीप अश्विनी मालवीय से हुए अनुबंध में वृद्धजनों को खून, पेशाब और अन्य सभी प्रकार की पैथोलॉजी जांचों पर 30 प्रतिशत की सीधी छूट मिलेगी। इसी तरह राशा रेस्टोरेंट भोपाल नाका संचालक प्रवीण तिवारी के रेस्टोरेंट के सभी



खाद्य पदार्थों व भोजन सामग्री पर 10 प्रतिशत का डिस्काउंट। जीसी मार्ट पावर हाउस चौराहा गोपी किशन चांडक की दुकान से दैनिक उपयोग के सभी किराना सामान पर 5 प्रतिशत की छूट। बालाजी केमिस्ट जिला अस्पताल के सामने गोविंद झंवर की दुकान से सभी प्रकार की दवाइयों की खरीद पर 10 प्रतिशत की रियायत मिलेगी।

पूरे जिले में फैलेगा नेटवर्क : अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर यह शुरुआत चार संस्थानों से की गई है, लेकिन यह प्रक्रिया यहीं नहीं रुकेगी। एएसपी डॉ. चौबे ने स्पष्ट किया कि यह सुविधा केवल सीहोर जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहेगी। जल्द ही आष्टा, इछावर, बुधनी और नसरुल्लागंज सहित संपूर्ण जिले के प्रमुख कस्बों में स्थानीय अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब, मेडिकल स्टोरों और व्यापारियों के साथ एमओयू किए जाएंगे।

हर बुधवार को लग रही पंचायत

बता दें एक पखवाड़े पहले शुरू हुई सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की जनसुनवाई हर बुधवार को आयोजित की जाती है। इसमें एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे व कोर कमेटी के सदस्यों के साथ मौजूद रहकर बुजुर्गों की शिकायतें सुनते हैं। पंचायत का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों को कोर्ट-कचहरी और पुलिस थानों के चक्कर काटने से बचाना तथा दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर काउंसलिंग के जरिए आपसी सहमति से न्यायसंगत समाधान कराना है।

इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि जिले के ग्रामीण या दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले बुजुर्गों को उनके अपने क्षेत्र में ही इस योजना का सीधा लाभ मिल सके।

रतलाम, इंदौर और विदिशा के बाद सीहोर में रंग लाई कार्यशैली

बता दें अपनी नवाचारी कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे इससे पहले रतलाम, इंदौर और विदिशा में अपने पदस्थापन के दौरान इस सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत मॉडल को सफलतापूर्वक लागू कर चुके हैं। वहां हजारों बुजुर्गों को इसका सीधा लाभ मिला था। सीहोर पदभार संभालते ही उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए इस मॉडल को प्राथमिकता से लागू किया, जो अब सीहोर के बुजुर्गों की सबसे मजबूत 'लाठी' बन रहा है।

अपनी ही सरकार और सांसद व विधायक को आईना दिखाने पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर बधाई के पात्र:राजीव गुजराती

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बोले, 28 करोड़ की सड़क 6 महीने भी नहीं टिक सकी, भ्रष्टाचार के कारण हुए गड्ढे



सीहोर। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सीहोर शहर की बदहाल सडक़ों और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर प्रदेश सरकार, स्थानीय विधायक और सांसद पर निशाना साधा है। इसके साथ ही उन्होंने सीहोर नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा दो दिन पहले लोक निर्माण विभाग कार्यालय पहुंचकर मण्डी क्षेत्र की सडक़ की दुर्दशा उजागर करने के कदम का समर्थन करते हुए उन्हें बधाई दी है। राजीव गुजराती ने कहा कि देर से ही सही, नपाध्यक्ष ने पीडब्ल्यूडी दफ्तर पहुंचकर अपनी ही सरकार, स्थानीय विधायक और सांसद को विकास के दावों का असली आईना दिखाया है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सीहोर शहर में इन दिनों अधिकांश सडक़ों की हालत अत्यंत दयनीय है और पूरी सडक़ें जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। खासतौर पर श्यामपुर रोड की दुर्दशा ने आम जनता का पैदल चलना तक मुश्किल कर दिया है। उन्होंने कहा कि करीब 28 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह सडक़ निर्माण के महज 6 महीने भी नहीं टिक सकी। इतने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं की गई। राजीव गुजराती ने सवाल उठाया कि नपाध्यक्ष केवल 4 किलोमीटर सडक़ की बात क्यों कर रहे हैं, बाकी की 24 किलोमीटर सडक़ का क्या होगा। जिस फोरलेन सडक़ का सपना जनता सालों से देख रही है, न जाने वह कब पूरा होगा, लेकिन तब तक रोजाना इस रास्ते से गुजरने वाली जनता को इस यातना से मुक्ति कैसे मिलेगी।

नपा और पीडब्ल्यूडी दोनों अपने हिस्से की सडक़ सुधारें : राजीव गुजराती ने जनहित में मांग की कि नगरपालिका को तुरंत अपने हिस्से की सडक़ ठीक करनी चाहिए और मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) को अपने हिस्से की श्यामपुर सडक़ का जीर्णोद्धार करना चाहिए, तभी आम जनता को वास्तविक राहत मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से हाउसिंग बोर्ड से फंदा तक सडक़ का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया जा रहा है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस निर्माण कार्य में गुणवत्ता का कितना ध्यान रखा जा रहा है।

हैंडओवर और नई बनी सडक़ों का भी बुरा हाल : राजीव गुजराती ने बताया कि प्रदेश सरकार ने पूर्व में नगर की 6 प्रमुख सडक़ों को लोक निर्माण विभाग से नगरपालिका को हैंडओवर कराया था, लेकिन देखरेख के अभाव में इनमें से अधिकांश सडक़ों की हालत खस्ता हो चुकी है। उड़ती धूल और बड़े-बड़े गड्ढों से राहगीर परेशान हैं। इतना ही नहीं करीब दो महीने पहले कोतवाली ढाल से लीसा टॉकीज तक और एमपीबी चौराहे पर हुए डामरीकरण के दो महीने बाद भी सडक़ें उखडऩे लगी हैं। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा सरकार में इस बंदरबांट और भ्रष्टाचार का जिम्मेदार कौन है। जनता के लिए सडक़ किसी विभाग की हो, उसकी सुरक्षा और सुविधा सबसे ऊपर है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने याद दिलाया कि पार्टी सडक़ों के मुद्दे पर लगातार आंदोलनरत है। श्यामपुर रोड की दुर्दशा को लेकर कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा निकाली। ठेकेदार और लापरवाह अफसरों पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। बिजौरी के टूटे पुल पर जोरदार प्रदर्शन किया। सोई हुई सरकार को जगाने के लिए कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने मुंडन तक करवाया।

गुजराती ने कहा कि लंबे समय से सो रहे सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों के बीच आखिरकार नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने अफसरों के समक्ष मंडी क्षेत्र और शहर की सडक़ों की पोल खोली है। इस हिम्मत के लिए वे साधुवाद के पात्र हैं, लेकिन बात सिर्फ बयानों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने भाजपा के विधायक, सांसद और सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनता की समस्या पर ध्यान दें। घटिया निर्माण कराने वाले ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि जनता को टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण सडक़ें मिल सकें।

बाइक सवार युवक पर जानलेवा हमला राहगीरों के सामने बाइक पर ताबड़तोड़ लट्ठ बरसाए, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्राम मुगीसपुर में दिनदहाड़े एक बाइक सवार युवक को रोककर हमला करने का मामला सामने आया है। अचानक हुए हमले से घबराया युवक अपनी बाइक मौके पर छोड़कर जान बचाने के लिए भाग गया। इसके बाद हमलावरों ने सड़क पर पड़ी बाइक पर ही लाठियों से ताबड़तोड़ वार कर दिए।

घटना के दौरान सड़क पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन हमलावरों के डर से किसी ने उन्हें रोकने की हिम्मत नहीं की। पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग सड़क पर गिरी बाइक को लाठियों से पीटते नजर आ रहे हैं।

वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने शुरू की कार्रवाई : घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई। बताया जा रहा है कि बाइक में तोड़फोड़ और लाठी से हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के पीछे विवाद की वजह क्या थी और



इसमें कितने लोग शामिल थे, इसकी जानकारी जांच के बाद सामने आएगी।

राज्य स्तरीय विशेषज्ञ दल का भ्रमण और निरीक्षण



सीहोर। जिला चिकित्सालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाऊखेडी ब्लॉक इछावर में राज्य स्तरीय सार्वजनिक स्वास्थ्य पर्यवेक्षण के अंतर्गत निरीक्षण एवं कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु विशेषज्ञ दल का भ्रमण हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र राज्य शाखा, भोपाल के सदस्य डॉ. कमलेश मंदरिया एवं अपर निर्देशक राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र भोपाल डॉ. अनिल कुमार शर्मा द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में संचालित विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों की तैयारियों, क्रियान्वयन एवं निगरानी व्यवस्था से संबंधित जानकारी का संकलन एवं समीक्षा की गई। जिला स्तर से डॉ. रुचिरा उइके, जिला सर्विलेंस अधिकारी एवं अन्य संबंधित जिला अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए 25 अक्टूबर तक आवेदन

सीहोर। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार एवं बेस्ट (आत्मा) जिला पुरस्कार" हेतु पात्र एवं इच्छुक कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार एवं उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले कृषकों का निर्धारित मापदंडों के अनुसार मूल्यांकन कर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड से 5 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर 10 हजार रुपये प्रति कृषक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं जिला स्तर पर चयनित 10 उत्कृष्ट कृषकों को 25 हजार रुपये प्रति कृषक" की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक कृषक निर्धारित प्रारूप में आवश्यक अभिलेखों सहित अपना आवेदन संबंधित आत्मा कार्यालय अथवा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है।

18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं

सीहोर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की है। जिन पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म-6 भरकर बीएलओ अथवा संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। पात्र नागरिक चुनाव आयोग के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म-6 भरकर भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

संभाग स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भोपाल विजेता, बैतूल उपविजेता

सीहोर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर में संभाग स्तरीय टेबल टेनिस पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता 2026–27 का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में भोपाल की टीम विजेता तथा बैतूल की टीम उपविजेता रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेलों को अनुशासन, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम का मंच संचालन शासकीय विधि महाविद्यालय, सीहोर के प्राध्यापक डॉ. दुष्यंत कौल ने किया। प्रतियोगिता का संचालन एवं आभार प्रदर्शन दिनेश धनगर तथा अनिल पिपलोदिया, क्रीड़ा अधिकारी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सीहोर द्वारा किया गया। चयन समिति में शासकीय महाविद्यालय डोबी के क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र कुमार, शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर के क्रीड़ा अधिकारी रवि बिरहा तथा शासकीय महाविद्यालय बुधनी के क्रीड़ा अधिकारी तरुण रावत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में भोपाल संभाग के विभिन्न जिलों से आए क्रीड़ा अधिकारियों, टीम प्रबंधकों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता सौहार्दपूर्ण एवं खेल भावना से परिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

मुख्यमंत्री शहरी भू-अधिकार योजना के तहत अलग-अलग वार्डों के रहवासियों को मिला भूमि का अधिकार

नगर पालिका सभागार में 20 हितग्राहियों को वितरित किए गए भू-अधिकार पट्टे, आवास की किस्त भी मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा मुख्यमंत्री शहरी भू-अधिकार योजना 2026 के अंतर्गत नगर के अलग-अलग वार्डों में निवासरत हितग्राहियों को भू-अधिकार पट्टों का वितरण किया गया। नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुल 20 हितग्राहियों को उनके भू-अधिकार पट्टे प्रदान किए गए। पट्टा वितरण के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को आवास योजना की किस्त का लाभ भी प्रदान किया गया, जिससे हितग्राहियों के लिए अपने आवास के सपने को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा।

कार्यक्रम में हितग्राहियों को पट्टा दस्तावेज सौंपते हुए उन्हें भूमि पर अधिकार, आवास योजना की पात्रता तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से मिलने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री शहरी भू-अधिकार योजना के माध्यम से वर्षों से जिस भूमि पर लोग निवास कर रहे हैं, उस भूमि पर उन्हें वैधानिक



अधिकार प्रदान करने का काम किया जा रहा है। पट्टा मिलने के बाद हितग्राहियों को अपनी भूमि के संबंध में सुरक्षा और स्थायित्व प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सीधे पहुंचे। पट्टा मिलने के साथ आवास योजना की किस्त का लाभ मिलने से हितग्राहियों को अपने पक्के मकान के निर्माण में भी सहायता मिलेगी। नगर के अलग-अलग वार्डों में पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए नगर पालिका लगातार कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में पट्टा धारक रमेश केवट ने कहा कि आज बड़ी खुशी का दिन है लंबे समय से जिस भूमि पर परिवार निवास कर रहा था, उसका पट्टा मिलने से परिवार को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं मध्य प्रदेश शासन का धन्यवाद, जिन्होंने पात्र लोगों को भूमि का अधिकार दिलाने की दिशा में कार्य किया। पट्टा मिलने के साथ आवास की किस्त का लाभ मिलने से अब परिवार को अपने घर को बेहतर बनाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह दस्तावेज उनके परिवार के लिए केवल कागज नहीं, बल्कि भूमि पर अधिकार और भविष्य की सुरक्षा का आधार है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर विजय कोहली, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, पार्षद कमलेश राठौर, इरफान लाल, मजीद अंसारी, अर्जुन राठौर, लोकेंद्र वर्मा, मांगीलाल मालवीय सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



वार्ड 34 में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित

सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 34 स्थित आँगनबाड़ी केंद्र में आँगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पार्षद कपिल कुशवाह, सोनू चंद्रवंशी, शिवम यादव एवं डॉ. पिंकेश अग्रवाल रहे। इस दौरान मातृशक्ति एवं उपस्थित जनसमुदाय से संवाद कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। आँगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति गुप्ता, ललिता शर्मा, सहायिका सोनू वारिया एवं आशा कार्यकर्ता उषा कुशवाह को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



सीहोर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। साथ ही वार्ड की महिलाओं का आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती माताओं की गोद भराई सहित लाड़ली लक्ष्मी एवं लाड़ली बहना योजना से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपस्थित महिलाओं को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि सत्यनारायण वारिया ने बच्चों को पेंटिंग के लिए स्केच पेन एवं पेंसिल का वितरण किया। उन्होंने बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

संजीवनी क्लीनिक में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

देवास। निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत सफाई मित्रों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए नाहर दरवाजा स्थित संजीवनी क्लीनिक में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर निगम के सफाई मित्रों का चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान सफाई मित्रों की ब्लड प्रेशर (बीपी), ब्लड शुगर सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांचें की गईं। चिकित्सकों द्वारा जांच के उपरांत सफाई मित्रों को उनके स्वास्थ्य के संबंध में आवश्यक परामर्श एवं सावधानियों की जानकारी भी दी तथा सफाई मित्रों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम निगम द्वारा आयोजित किए जाते हैं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान कर महिला सशक्तिकरण और योजनाओं की दी जानकारी

सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों और समाज के विभिन्न वर्गों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से प्रारंभ हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सीहोर में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय गतिविधियों एवं महिला एवं बाल विकास से जुड़ी योजनाओं के प्रति जागरूकता के साथ सहभागिता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति का प्रतीक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेन्द्र मेवाड़ा एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों और समाज के विभिन्न वर्गों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की जानकारी देते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इसी क्रम में सीहोर के मोर गार्डन में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे ने स्वागत उद्बोधन देते हुए आंगन मिलन अभियान के उद्देश्यों और विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में सीताराम यादव, राजकुमार गुप्ता, सुदीप प्रजापति, सुशील ताम्रकार, प्रितेश राठौर, प्रीति सोनी, सीमा परिहार, अर्चना चौहान, सीमा शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन गर्भवती माताओं की हुई गोद भराई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 27 में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने वार्ड की महिलाओं का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म भी संपन्न कराई गई। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी एवं लाड़ली बहना योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी महिलाओं को दी गई। योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और महिलाओं को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर महामंत्री सीमा कपिल सक्सेना ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समाज के बीच रहकर महिलाओं और बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निभाती हैं। उन्होंने कहा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मेहनत सीधे परिवारों से जुड़ी होती है।

बच्चों की देखभाल से लेकर माताओं को जरूरी जानकारी देने तक उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए उनका सम्मान उनके समर्पण और सेवा भावना का सम्मान है। उन्होंने कहा कि "सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, इसके लिए जागरूकता जरूरी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि महिलाएं और बच्चे योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन को बेहतर बना सकें।

सीमा सक्सेना ने गर्भवती माताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ परिवार की नींव जागरूकता और उचित देखभाल से मजबूत होती है। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों और शासन की योजनाओं की जानकारी रखने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर महामंत्री सीमा कपिल सक्सेना, एल्डरमैन हर्ष राठौर, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा परिहार एवं जिला मंत्री प्रीति सोनी अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ज्योति राठौर, सपना दुबे, गीता उमरे, पद्मा उमरे, मेघा शर्मा एवं ज्योति डागर सहित कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और परिवारों के कल्याण से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाने तथा सेवा, सम्मान और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

उम्र को मात दे रही 'योग की पाठशाला', खुद को स्वस्थ रख दे रहे निरोगी रहने का संदेश

पुलिस लाइन ग्राउंड पर प्रतिदिन अल सुबह शुरू होता है सिलसिला

सीहोर। सुबह के छह बजते ही शहर के मंडी स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में एक अलग ही ऊर्जा और उत्साह का नजारा देखने को मिल रहा है। यहां योग की पाठशाला ग्रुप से जुड़े हर उम्र के लोग, विशेषकर वरिष्ठ नागरिक, नियमित रूप से योग और प्राणायाम कर बढ़ती उम्र को मात दे रहे हैं। अनुशासित दिनचर्या और योग के बूते ये बुजुर्ग न केवल गंभीर बीमारियों को दूर भगा रहे हैं, बल्कि आज की युवा पीढ़ी के लिए सेहत और जीवनशैली की एक मिसाल भी बन चुके हैं।

ग्रुप के सदस्य कपिल सूर्यवंशी ने बताया कि योग की पाठशाला से शहर के कई गणमान्य और वरिष्ठ नागरिक नियमित रूप से जुड़े हुए हैं। योगाचार्य दिनेश शर्मा द्वारा यहां निःशुल्क योग सिखाया जा रहा है। योग की पाठशाला में सबसे उम्रदराज 84 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक चरण सिंह राजपूत हैं, जो इस उम्र में भी पूरी ऊर्जा के साथ योगाभ्यास करते हैं। उनके साथ एमपीईबी से सेवानिवृत्त 70 वर्षीय मांगीलाल मालवीय, 64 वर्षीय गल्ला व्यापारी राजेश खण्डेलवाल, 62 वर्षीय गल्ला व्यापारी राजकुमार राठौर, 61 वर्षीय शर्मा मावा भण्डार के संचालक सुभाष शर्मा, 60 वर्षीय खाद व्यापारी बाबूलाल मेवाड़ा, 60 वर्षीय खाद व्यापारी हनुमत मेवाड़ा, 55 वर्षीय ठेकेदार



वीरेंद्र सिंह, 57 वर्षीय व्यापारी राजेश गुप्ता और 53 वर्षीय सोसायटी कर्मचारी भारत सिंह चौहान प्रतिदिन समय पर मैदान पहुंचकर योग साधना करते हैं। 62 वर्षीय योगाचार्य दिनेश शर्मा शिक्षक सभी को नियमित रूप से योगाभ्यास और प्राणायाम कराते हैं।

योग के साथ सामाजिक सरोकारों में भी अग्रणी

कपिल सूर्यवंशी ने बताया कि यह ग्रुप केवल अपनी सेहत तक ही सीमित नहीं है। योग की पाठशाला सामाजिक सरोकारों और जनसेवा में भी हमेशा आगे रहती है। यह समूह पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, प्रकृति की रक्षा और विभिन्न सामाजिक व शैक्षणिक अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाता है। समय-समय पर जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण करने से लेकर शहर में जनजागरूकता फैलाने का काम भी इस ग्रुप द्वारा निस्वार्थ भाव से किया जा रहा है।

शरीर पूरी तरह स्वस्थ है, डॉक्टर और दवाइयों से दूर हूं

रिटायर्ट शिक्षक चरण सिंह राजपूत राजपूत बताते हैं कि इस उम्र में लोग बीमारियों और दवाइयों से घिरे रहते हैं, लेकिन योग की बदौलत मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं। मुझे न कोई शारीरिक तकलीफ है और न ही डॉक्टरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। नियमित योग ही मेरी लंबी और निरोगी जिंदगी का असली राज है।

धन संपत्ति हड़पने वाले सक्षम रिश्तेदारों के नाम भी हों उजागर : विधायक सुदेश राय

'बुजुर्ग मां-बाप को सताने वाले बच्चों को मिले फांसी की सजा'

सीहोर। बुजुर्ग मां-बाप को घर से निकालने वाले बच्चों को फांसी की सजा मिले भी तो कम है, यह बात गुरुवार को वृद्ध आश्रम में विधायक सुदेश राय ने कहीं। संकल्प वृद्ध आश्रम के संचालक डॉक्टर राहुल सिंह से वृद्ध आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के सक्षम रिश्तेदारों के लिस्ट की मांग करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि जिन्होंने जन्म दिया पढ़ा लिखाकर दुख तकलीफ उठाकर बड़ा कर दिया उन माता-पिता को सताने वाले बुजुर्गों की धन संपत्ति को हड़पने वाले सक्षम रिश्तेदारों के नाम भी उजागर होना चाहिए। विधायक सुदेश राय के द्वारा रखी गई बात का बुजुर्गों ने भी ताली बजाकर समर्थन किया।

गुरुवार को सैकड़ा खेड़ी स्थित संकल्प वृद्ध आश्रम में अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर और भाजपा सीहोर मंडल अध्यक्ष



सुदीप प्रजापति ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान वृद्ध जनों का फूल मालाए पहनाकर शाल श्रीफल भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। आश्रम में फलों का मिठाइयों का वितरण भी किया गया। संकल्प वृद्ध आश्रम में रह रहे एक बुजुर्ग ने अपनी आयु 120 वर्ष होने का दावा किया। जिस पर विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस प्रकार मजबूत हैं उनकी प्रजा भी और देश के बुजुर्ग भी मजबूत हैं अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर हम सभी बुजुर्गों का सम्मान कर रहे हैं। लोगों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे क्योंकि सभी को इस अवस्था में पहुंचना है ऐसे में बच्चे अगर तिरस्कार करते हैं तो उनको सजा मिलना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद लोकेंद्र वर्मा, नरेंद्र राजपूत, भाजपा मंडल के पदाधिकारी भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक गण उपस्थित रहे।

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत जिलेभर में आयोजित हो रहीं स्वच्छता गतिविधियां

सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान कर स्वच्छता का दिया जा रहा संदेश

सीहोर। जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता के लिए श्रमदान किया जा रहा है। इसमें स्थानीय स्तर पर नागरिकों एवं संबंधित विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

स्वच्छता गतिविधियों के दौरान सार्वजनिक स्थलों, आसपास के क्षेत्रों एवं अन्य स्थानों पर



साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। श्रमदान के माध्यम से नागरिकों को अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर नागरिकों एवं सहभागियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई जा रही है। इसके माध्यम से स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया जा रहा है।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महात्मा गांधी की जयंती पर कार्यक्रम



सीहोर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीहोर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के जीवन उनके संघर्ष राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा उनके महत्वपूर्ण कार्यों और योगदान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के जीवन-दर्शन सत्य अहिंसा स्वच्छता सेवा एवं राष्ट्रहित के प्रति उनके समर्पण से परिचित कराना तथा उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने प्रमुख वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने महात्मा गांधी के जीवन एवं उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की संचालिका श्रीमती अमृता सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यार्थियों को गांधीजी के जीवन मूल्यों एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर नशामुक्ति प्रभारी डॉ प्रमिला जैन ने विद्यार्थियों को गांधी जी के तीन बंदरों के द्वारा दी जानी वाली शिक्षा की चर्चा की ।

क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण शिविर में हुआ सम्मान कार्यक्रम

साड़ियां उपहार में देकर लगाया तिलक, किया उपासना करने वाली मातृशक्ति का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्रिसेंट गरबा महोत्सव प्रशिक्षण कार्यक्रम में बुधवार शाम नवरात्र में कठिन व्रत धारण कर माता जगदंबा भवानी की उपासना करने वाली मातृशक्ति का सम्मान किया गया।

अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच के तत्वाधान में आयोजित नारी सम्मान समारोह में साड़ियां उपहार में देकर तिलक लगाकर समाजसेविका अरुणा सुदेश राय के द्वारा मातृशक्ति का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्रिसेंट गरबा महोत्सव में गरबे का प्रशिक्षण ले रही बालिकाओं ने अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन भी किया। सम्मान समारोह में सम्मानित हुई विशिष्ट महिलाओं के द्वारा बालिकाओं का उत्साह



वर्धन किया गया।

नारी सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेविका अरुणा राय के द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। गरबा प्रशिक्षण ले रही बालिकाओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक सेविका अरुणा राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव भी बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं हम उन्हें के आनंद उत्सव को आगे बढ़ा रहे हैं मातृशक्ति के बिना यह कार्यक्रम अधूरा है। मातृशक्ति ही माता जगदंबा की सही भक्ति करती है नवरात्र आता है तो कठिन व्रत रखती हैं और जगराता में भी शामिल होती है ऐसी सभी माता बहनों मातृशक्ति को नमन जिन्होंने अपनी बालिकाओं को क्रिसेंट करवा महोत्सव में गरबा प्रशिक्षण के लिए भेजा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर की महिलाएं और गरबा प्रशिक्षण ले रही प्रतिभागी बालिकाएं उपस्थित रही।

अंजली रायकवार आत्महत्या प्रकरण में दोषियों पर कार्रवाई की मांग

सीहोर। फ्रीगंज थाना मण्डी निवासी रेखा रायकवार पत्नि स्व.मनोज रायकवार ने कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले व महिला कार्यकर्ताओं के साथ जिले के एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे के समक्ष उपस्थित होकर आवेदिका रेखा रायकवार ने बताया कि मेरी पुत्री कु.अंजली रायकवार ने दिनांक 2 सितम्बर 2026 को सल्फास खाकर आत्महत्या की थी।

मेरी पुत्री व आवेदिका घर-घर जाकर खाना बनाने का कार्य करती थी तथा समय निकालकर प्रतिदिन उसकी खास राजदार दोस्त ईशा सिंधी सोनी जो कि जो कि लिसा टाकिज चौराहे पर स्टेट बैंक के सामने राधा कृष्ण मोबाईल शॉप की दुकान चलाती है, उनकी दुकान व घर पर भी मेरी पुत्री कार्य करती थी। उक्त दुकान पर अरूण नाम का लडक़ा भी कार्य करता था। उन दोनों के साथ सीहोर के बाहर भी आती जाती रहती थी। उक्त ईशा व



लडक़े के साथ मेरी पुत्री की करीबी दोस्ती थी। उनसे अकसर घण्टों मोबाईल पर बात किया करती थी। आवेदिका को शक है कि इन दोनों के कारण मेरी पुत्री अंजली रायकवार ने आत्म हत्या की है। प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाकर दोनों अनावेदकगणों दोषियों के विरूद्ध आत्म हत्या के लिये प्रेरित करने की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कठौर से कठौर कार्यवाही के आदेश प्रदान किये जावे ताकि गरीब विधवा महिला को न्याय मिल सके।

इस अवसर पर मांग करने वालों में प्रमुख रूप से कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले, तत्कालीन पार्षद व प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव आरती नरेन्द्र खंगराले, आशा ठाकुर, ललता लोधी, रेखा रायकवार, सोनिया रायकवार आदि महिला कार्यकर्ता उपस्थित थी।

आरकेएसके का साथिया समागम कार्यक्रम का आयोजन किया

किशोर-किशोरियों ने नुक्कड़ नाटक से दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय साथिया समागम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने साथिया कार्यक्रम की कार्यप्रणाली को समझा और साथिया बच्चों से सीधे संवाद कर उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही गतिविधियों एवं जनजागरूकता कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों के कारण किशोर-किशोरियों के मन में अनेक जिज्ञासाएं और प्रश्न उत्पन्न होते हैं। यदि सही समय पर उन्हें सही मार्गदर्शन और सटीक जानकारी मिल जाए, तो उनके मन में नकारात्मक भाव पैदा नहीं होते। उन्होंने सचेत किया कि कम आयु में विवाह, नशा और गलत संगति पूरे जीवन को अंधकारमय बना सकती है। इन्हीं संवेदनशील विषयों पर उपस्थित किशोर-किशोरियों ने जीवंत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए, जिनकी उपस्थितजनों ने जमकर सराहना की।





उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी व साथिया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित श्उमंग क्लिनिकश में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं देने के लिए जिला चिकित्सालय से तनुशिखा, ब्यावरा से कविता दांगी तथा पचोर से प्रीति यादव को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जिले में साथिया बच्चों का शत-प्रतिशत डेटा संकलन करने के उल्लेखनीय कार्य हेतु सारंगपुर के मास्टर ट्रेनर संदीप भिलाला को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले एवं मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल द्वारा प्रत्येक विकासखंड से चयनित दो-दो आशा कार्यकर्ताओं व आशा सुपरवाइजरों के अलावा आरकेएसके कार्यक्रम में निरंतर सहयोग देने वाले शिक्षकों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मंच से सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल, सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा, डीसीएम सुनील वर्मा, यूएनएफपीए प्रतिनिधि नेहा पांडे, बीएम लखन सिंह, कार्यक्रम समन्वयक वरुण दुबे सहित समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर और ब्लॉक कम्युनिटी मैनेजर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी मिलन समारोह आयोजित

महिलाओं व बच्चों को स्वास्थ्य, टीकाकरण, आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी मिलन समारोह का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 12 (1) एवं 12 (3) में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा एवं शिक्षिका मंगल वैध उपस्थित रहीं। अतिथियों ने महिलाओं एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, टीकाकरण, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए गोद भराई, स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता, रंगोली सहित स्थानीय गतिविधियों के आयोजन की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा गोस्वामी, मनीता पाल तथा सहायिका रजनी वर्मा एवं बिलकिस बी को सम्मानित किया गया।

सेवा संकल्प अभियान में महिलाओं का किया सम्मान

प्रधानमंत्री ने 25 साल की सेवा के दौरान 1 घंटे भी छुट्टी नहीं लीः अमित शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

भाजपा मंडल ब्यावरा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा एक माह के सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को वार्ड क्रमांक 6 और 8 पर 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता भाजपा पूर्व जिला मंत्री अभियान मंडल प्रभारी सविता तायल ने की। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका, बहनों का उपहार देकर सम्मान किया। आँगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित सभी महिलाओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भाजपा पूर्व जिला महामंत्री ब्यावरा मंडल प्रभारी पंडित अमित शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहा है हमारे प्रधानमंत्री ने 25 साल की देश सेवा में 1 घंटे की छुट्टी नहीं लेते हुए निरंतर देश सेवा में लगे रहे। मध्य प्रदेश की सरकार डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में काम कर रही हैं भाजपा सरकार ने प्रदेश की लाखों बहनों को लाड़ली बहना योजना से जोड़ा है हर महीने 1500 से रुपए बहनों को दिए जा रहे हैं। आगे चलकर ये राशि धीरे धीरे-धीरे 3000 हजार तक पहुंचेगी। मंडल अध्यक्ष राजू यादव, प्रदेश प्रभारी अजा मोर्चा नेता गोपाल जाटव,नपा पार्षद विष्णु साहू, नपा पार्षद जया मकलेश चौहान,वरिष्ठ पार्षद प्रकाश मोगिया, आशा शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष गिरराज लववंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

कालीसिंध नदी के स्टॉप डैम के गेट बंद कर जल संरक्षण की पहल

गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए नपा ने शुरू किया जल संग्रहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

आगामी गर्मी के मौसम में शहर में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित न हो और नागरिकों को नियमित एवं सुचारू पेयजल आपूर्ति मिलती रहे, इसके लिए नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने जल संरक्षण की पहल शुरू की है। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की उपस्थिति में कालीसिंध नदी पर बने पुराने स्टाप डेम के गेट बंद कराने का कार्य प्रारंभ कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि वर्षा ऋतु के बाद नदी में उपलब्ध पानी का संरक्षण आवश्यक है, ताकि आगामी दिनों में शहर की पेयजल जरूरतों को पूरा किया जा सके। स्टाप डेम के गेट बंद होने से कालीसिंध नदी में पर्याप्त मात्रा में पानी का संग्रहण होगा, जिससे जल स्तर में सुधार आने की उम्मीद है। इससे शहर में नियमित पेयजल प्रदाय बनाए रखने में मदद मिलेगी और गर्मी के दौरान जल संकट की स्थिति से बचाव हो सकेगा।इस जल संरक्षण कार्य से भू-जल स्तर (वाटर टेबल) में भी सुधार होने की संभावना है। नगर पालिका द्वारा नगरहित में जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया है। इस दौरान वरिष्ठ पार्षद गोपाल पाल, पार्षद अमित गिरजे, राकेश पुष्पद, पार्षद प्रतिनिधि बाबूलाल अहिरवार, भानु लववंशी एवं नगर पालिका जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे सहित अन्य उपस्थित रहे।

छात्रावास में रहकर पढ़ाई की

मेहनत से हासिल किया मप्र पुलिस में मुकाम

ब्यावरा। ग्राम सुस्याहेड़ी निवासी ईश्वर वर्मा ने मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से सफलता हासिल की है। वे वर्ष 2017-18 में सीनियर बालक छात्रावास, सारंगपुर में रहे। छात्रावास के तत्कालीन अधीक्षक के मार्गदर्शन, अनुशासित वातावरण और शिक्षकों के सहयोग ने उनकी पढ़ाई एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



निरंतर मेहनत के परिणामस्वरूप वर्ष 2022 में उनका मध्यप्रदेश पुलिस (डीईएफ) में चयन हुआ। वर्तमान में वे भोपाल में पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ईश्वर वर्मा की सफलता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देती है कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से सपनों को साकार किया जा सकता है।

सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत पर दो पेट्रोल पंपों की जांच में अनियमितताएं मिलीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सीएम हेल्पलाइन पर पेट्रोल में पानी मिले होने की शिकायत के बाद गत दिवस को सहायक आपूर्ति अधिकारी राजगढ़ हुमा हुजूर, नायब तहसीलदार तथा प्रभारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नरसिंहगढ़ सुनीता देहलवार ने कुरावर स्थित काबरा फ्यूल पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। पंप प्रबंधक हर्ष काबरा की उपस्थिति में स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया तथा पेट्रोल के नमूने लिए गए।

जांच के दौरान विस्फोटक अनुज्ञप्ति में संलग्न नक्शे में तीन डिस्पेंसिंग यूनिट प्रदर्शित होने के बावजूद मौके पर दो डिस्पेंसिंग यूनिट पाई गईं। इसके अलावा पीने के पानी के वाटर कूलर में फिल्टर नहीं लगा पाया गया। हवा की मशीन बंद मिली तथा दिव्यांगजनों के लिए टायलेट की व्यवस्था नहीं पाई गई। पंप की फायर एनओसी भी उपलब्ध नहीं मिली।



इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में अमानक पेट्रोल की शिकायत पर कुरावर स्थित एम.सी.आर. फ्यूल पेट्रोल पंप की भी जांच की गई। पंप प्रबंधक पवन मारन की उपस्थिति में स्टॉक का भौतिक सत्यापन एवं पेट्रोल की सैंपलिंग की गई। जांच में विस्फोटक अनुज्ञप्ति में संलग्न नक्शे, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जारी एनओसी के नक्शे तथा मौके पर स्थापित डिस्पेंसिंग यूनिट की संख्या एवं भूमिगत टैंकों की क्षमता में भिन्नता पाई गई। निरीक्षण के दौरान पीने के पानी के वाटर कूलर एवं आसपास स्वच्छता का अभाव पाया गया। दिव्यांगजनों के लिए टायलेट की व्यवस्था भी नहीं मिली तथा पंप की फायर एनओसी उपलब्ध नहीं पाई गई। अधिकारियों द्वारा लिए गए पेट्रोल के नमूनों को नियमानुसार जांच के लिए भेजा जाएगा तथा जांच में सामने आई अनियमितताओं के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिले में विकासखंड स्तरीय चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविरों का आयोजन 8 तक

ब्यावरा। समग्र शिक्षा अभियान के समावेशित शिक्षा अंतर्गत शासकीय शालाओं में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए जिले में विकासखंड स्तरीय चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविरों का आयोजन 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक किया जाएगा। जिला शिक्षा केंद्र राजगढ़ द्वारा एलिमको उज्जैन एवं स्थानीय चिकित्सा विशेषज्ञों के सहयोग से इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 1 अक्टूबर को जनपद शिक्षा केंद्र जीरापुर, 3 अक्टूबर को खिलचीपुर, 5 अक्टूबर को राजगढ़, 6 अक्टूबर को ब्यावरा, 7 अक्टूबर को सारंगपुर तथा 8 अक्टूबर को नरसिंहगढ़ में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चिकित्सकीय मूल्यांकन कर उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चिन्हित किया जाएगा। साथ ही जिन बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र नहीं बने हैं, उनके दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवाने की कार्यवाही भी की जाएगी। इन शिविरों का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जरूरतों का आकलन कर उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना तथा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करना है।

कैमरों से खुला लाखों की चोरी का राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

कुरवाई पुलिस ने सूने मकान में हुई लाखों रुपए की चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 15 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और 40 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।

मेहलुआ चौराह निवासी देवेंद्र दांगी ने 30 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 24 अगस्त को अपने छोटे भाई के पास गंजबासौदा गए थे। 25 अगस्त को लौटने पर घर का दरवाजा टूटा मिला और अलमारी में रखे जेवर व नकदी गायब थी। पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

चोरी का सुराग लगाने पुलिस टीम ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 350 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। 360 दृष्टि अभियान के तहत लगाए गए कैमरों की रिकॉर्डिंग सहित तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। पुलिस ने 150 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ भी की। इसके बाद मिले सुरागों के आधार पर मेहलुआ चौराहा निवासी 25 वर्षीय आशीष सेन की पहचान हुई।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

3 को लखनवास में उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियानअंतर्गत जिले में प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित क्लस्टरों में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण, निरीक्षण, जनसंवाद एवं उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह अभियान 7 अगस्त से प्रारंभ होकर 8 जनवरी, 2027 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत आगामी 03 अक्टूबर को ब्यावरा विकासखंड अंतर्गत लखनवास में उद्यम संवाद आयोजित किया जाएगा।मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत निर्धारित भ्रमण क्षेत्रों में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों से संबंधित सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई में लंबित शिकायतों तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की जाएगी। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का यथासंभव शत-प्रतिशत निराकरण भ्रमण से पूर्व सुनिश्चित किया जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने अभियान के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इन पंचायतों के गांव होंगे शामिल

क्लस्टर में लगने वाली पंचायतों में जामी, जामोन्या, मलावर, अरन्या, मोतीपुरा, आमल्याहाट, आगर, चुकल्या, सुन्दरपुरा, कुण्डीखेड़ा, आमडोर, भंवास, लखनवास, सीलखेड़ा, पाडलीगुसाई, पगारा, तालोडी, लसुडलीमहाराजा, मुवालियादांगी, तलावडामहाराजा, गिन्दोरमीना, बोरदा, बांरवा, बाईहेडा, ढकोरा, पीपलहेडा, खजूरिया, बरखेडा (17), मोर्चाखेडी, बागोरी, भगवतीपुर, भूरा, अतरालिया, बरखेडी (नवीन), झरखेडा एवं खांकरातेजा ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं।

मध्यप्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालुओं की साझा आस्था का प्रमुख केंद्र

देवधरा राजगढ़, हर मंदिर की कहानी आस्था की जुबानी, सात शताब्दियों से होड़ा माता मंदिर में जल रहा आस्था का दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जहां आस्था प्रकृति से मिलती है और लोकविश्वास पीढ़ियों की परंपराओं से जुड़कर विरासत का स्वरूप ले लेता है, वही भूमि 'देवधरा राजगढ़' की पहचान बनती है। राजगढ़ जिले के दंड ग्राम में पहाड़ियों के बीच स्थित प्रसिद्ध होड़ा माता मंदिर इसी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। राजस्थान की सीमा से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह प्राचीन मंदिर मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के श्रद्धालुओं के लिए समान रूप से श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। लगभग 700 वर्ष प्राचीन माने जाने वाले इस धार्मिक स्थल पर वर्षभर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। माता के दर्शन, पूजन और आशीर्वाद के लिए मध्यप्रदेश के साथ राजस्थान से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। पहाड़ी पर स्थित मंदिर का प्राकृतिक परिवेश श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक अनुभूति को और गहरा करता है।

विजयासन स्वरूप की मान्यता, होड़ा माता के नाम से प्रसिद्ध हुआ दरबार' : स्थानीय धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मंदिर में विराजित देवी मां दुर्गा के विजयासन स्वरूप की आराधना की जाती है। जनश्रुति है कि महिषासुर एवं रक्तबीज जैसे राक्षसों का वध कर विजय प्राप्त करने के पश्चात माता ने पहाड़ियों पर आसन ग्रहण किया था। विजय के आसन पर विराजमान होने के कारण उन्हें विजयासन माता के रूप में श्रद्धा से स्मरण किया गया। कालांतर में स्थानीय लोकपरंपराओं और जनश्रुतियों के माध्यम से माता का यह दरबार 'होड़ा माता' के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच आस्था की शुरुआतः स्थानीय बुजुर्गों एवं पुजारियों के अनुसार, लगभग सात शताब्दी पूर्व यह क्षेत्र घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों से घिरा हुआ था। उस समय यहां माता की छोटी-सी पिंडी अथवा चबूतरे पर श्रद्धालु पूजा-अर्चना किया करते थे। दंड ग्राम सहित आसपास के ग्रामीणों और चरवाहों की माता के प्रति गहरी आस्था रही है। स्थानीय मान्यता है कि माता ने अपने भक्तों की रक्षा के लिए इस पहाड़ी को अपना निवास स्थान बनाया। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही इसी आस्था ने कालांतर में इस स्थान को एक प्रमुख धार्मिक केंद्र का स्वरूप प्रदान किया।





सीमा नहीं, आस्था जोड़ती है दो राज्यों के श्रद्धालुओं को

राजस्थान सीमा के निकट स्थित होने के कारण होड़ा माता मंदिर की आस्था मध्यप्रदेश और राजस्थान की साझा सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी हुई है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार रियासतकाल में इस मार्ग से गुजरने वाले राजा-महाराजा, सैनिक और ग्रामीण भी माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते थे। समय बदला, परिस्थितियां बदलीं, लेकिन माता के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था आज भी उसी भाव से कायम है। मध्यप्रदेश और राजस्थान के ग्रामीणों के लिए होड़ा माता का दरबार केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि साझी परंपरा, विश्वास और सांस्कृतिक जुड़ाव का केंद्र है।

अध्यक्ष के लिए राधेश्याम माहेश्वरी के बीच मुकाबला

विदिशा। अनाज तिलहन व्यापार उत्थान संघ के चुनाव में नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी हो गई है। उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले कुलदीप गुप्ता और अजय जैन बाबा, महामंत्री पद के लिए मयंक अग्रवाल तथा महासंघ प्रतिनिधि पद के लिए सुमित जैन, रीतेश अग्रवाल और आदर्श अग्रवाल ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। अब अध्यक्ष पद पर राधेश्याम माहेश्वरी और गजेंद्र सिंह रघुवंशी के बीच मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष पद के लिए यशवंत साहू और रीतेश अग्रवाल, महामंत्री के लिए विवेक जैन कुमेड़िया और महेंद्र जैन तथा मंत्री पद के लिए यश जैन और सौमिल अग्रवाल मैदान में हैं।

वाहन बिक्री में गड़बड़ी का आरोप! कांग्रेस ने की जांच की मांग

16 लाख मूल्यांकन, 21 लाख में बिक्री का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगरपालिका के 41 सरकारी वाहनों की बिक्री और स्क्रैप प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी और जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कलेक्टर को शिकायत देकर प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। शिकायत के बाद कलेक्टर ने जांच के लिए एसडीएम को निर्देश दिए हैं। आशीष माहेश्वरी का आरोप है कि करीब 16 लाख मूल्य के 41 वाहनों को लगभग 21 लाख रुपए में बेचा गया। खुली नीलामी होती तो अधिक राजस्व मिल सकता था।

सरकार की स्क्रैप नीति के उल्लंघन का आरोप

शिकायत में कहा गया कि केंद्र और राज्य सरकार की स्क्रैप नीति के अनुसार 15 साल पुराने सरकारी वाहनों को अधिकृत आरवीएसएफ सेंटर में स्क्रैप किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इन वाहनों को नगरपालिका परिसर में ही काटकर बेच दिया गया। इसके अलावा जमा प्रमाणपत्र जारी कराने, रजिस्ट्रेशन निरस्त कराने और आरटीओ से जुड़ी जरूरी औपचारिकताएं पूरी नहीं करने के भी आरोप लगाए गए हैं।

खबर संक्षेप

किसानों का पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक

सीहोर। भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। किसान सोयाबीन के पंजीयन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीयन करा सकेंगे। इसके लिए जिले में निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गयी हैं। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकॉर्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। किसान द्वारा विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा।

शारदीय नवरात्रि पर व्यवस्थाओं को लेकर सलकनपुर देवी धाम पर हुई बैठक

मंदिर पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर बनाया प्लान

कलेक्टर-एसपी ने ली विजयासन देवी धाम सलकनपुर ट्रस्ट की बैठक। पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर की चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आगामी शारदीय नवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर बालागुरू के., पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना तथा विजयासन देवी धाम सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय ने ट्रस्ट की बैठक आयोजित कर नवरात्रि के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे चर्चा की। बैठक में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सलकनपुर पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं ट्रस्ट पदाधिकारियों से कहा कि नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं को दर्शन एवं पूजा-अर्चना में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महेश उपाध्याय ने नवरात्रि के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध ध्यान आकृष्ट कराया। कलेक्टर ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी दर्शन के लिए पहुंचते हैं, इसलिए भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाएं की जाएं। मंदिर परिसर एवं प्रमुख मार्गों पर स्वच्छता व्यवस्था बेहतर रखने तथा पर्याप्त संख्या में सफाई अमला तैनात करने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने नवरात्रि के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रवेश एवं निकासी व्यवस्था, पार्किंग स्थलों तथा प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग एवं यातायात नियंत्रण की व्यवस्था की जाए। साथ ही मंदिर परिसर एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी एवं आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर एवं एसपी ने संबंधित विभागों अधिकारियों और ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान सलकनपुर आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन, सुरक्षित वातावरण और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। बैठक में एसडीएम संजीव नागू, एसडीओपी रवि शर्मा, तहसीलदार सपना लिलेरिया तथा ट्रस्ट के सदस्य गोपाल सिंह चौहान, अरविन्द दुबे, रिखीराम यादव, जगदीश नाविक, रामकिशोर दुबे तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

नर्मदा आंवली घाट का किया निरीक्षण

अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आंवलीघाट पहुंचते है। आंवलीघाट पर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर शबालागुरू के. तथा एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने आवंलीघाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान के लिए और श्रद्धालु अधिक गहराई में न जाए, इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंवली घाट पर पुलिस, होमगार्ड के जवान तथा गोताखोरों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने वॉटर बोट की भी उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंवली घाट श्रद्धालुओं का आवागमन सुगम बनाए रखने के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था करने एवं संकेतक लगाने के निर्देश दिए।

मेगा स्वास्थ्य परीक्षण और रक्तदान शिविर संपन्न

न्यायाधीश के साथ लोगों ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर संजीव कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 01 अक्टूबर 2026 को एडीआर भवन, जिला न्यायालय परिसर सीहोर में मेगा स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय की विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। इस दौरान 80 अधिकारी-कर्मचारियों की बीपी एवं शुगर की जांच, 70 व्यक्तियों के विभिन्न रक्त परीक्षण हेतु रक्त नमूने एकत्र किए गए तथा न्यायाधीशगण सहित कुल 26 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। न्यायिक अधिकारियों द्वारा स्वयं रक्तदान कर उपस्थित जनों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय श्री संजीव कुमार अग्रवाल द्वारा रक्तदान कर समस्त न्यायाधीशगण, न्यायिक कर्मचारी गण एवं अधिवक्तागण को प्रेरित किया। मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के पूर्व आपदा प्रबंधन के अंतर्गत जिला चिकित्सालय के डॉ. आर.के. वर्मा के द्वारा (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। चिकित्सकीय टीम द्वारा आपातकालीन स्थिति में सीपीआर की आवश्यकता, उसकी प्रक्रिया एवं प्राथमिक उपचार के संबंध में व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार अग्रवाल ने शुभारंभ अवसर पर कहा कि 'स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मन बेहतर कार्यक्षमता का आधार है। न्यायिक परिवार के अधिकारी-कर्मचारियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। वहीं रक्तदान एक पुनीत सामाजिक कार्य है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद लोगों के जीवन को बचाने में हम अपना योगदान दे सकते हैं। सीपीआर जैसी जीवनरक्षक तकनीक का प्रशिक्षण भी आपातकालीन परिस्थितियों में अत्यंत उपयोगी साबित हो सकता है। न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा समस्त न्यायाधीशगण, न्यायिक कर्मचारीगण, अधिवक्तागण को मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। शिविर में ईएनटी, मेडिसिन, सर्जरी, अस्थि रोग, नेत्र, दंत, मनोरोग एवं स्त्री रोग सहित विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। महिला स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री सुधीर डेहरिया द्वारा आभा एवं आरोग्य सेतु-2.0 एप्लीकेशन तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपयोग हो रही नवीन तकनीकों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मण्डलोई, विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीशगण, न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वप्नश्री सिंह, जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी, सिविल सर्जन डॉ. उमेश श्रीवास्तव, चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, पैनल अधिवक्ता, पैरालीगल वॉलेंटियर्स एवं जिला न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जागृती मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में प्रीति व खुशी को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





पुलक मंच परिवार के 29 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के पूर्व आष्टा की समाजसेवी एवं सक्रिय सदस्य प्रीति जैन को जोन-3 की नवगठित अखिल भारतीय महिला जागृति मंच की क्षेत्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष और खुशी कासलीवाल को प्रवक्ता का दायित्व सौंपे जाने पर आष्टा जैन समाज, पुलक मंच परिवार सहित प्रबुद्धजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। भीलवाड़ा (राजस्थान) में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन के पहले राष्ट्रीय संत आचार्य पुलक सागरजी गुरुदेव के सान्निध्य में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें प्रीति जैन को जोन-3 का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।श्रीमती खुशी कासलीवाल को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रीति जैन इससे पूर्व महिला जागृति मंच परिवार की राष्ट्रीय संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी भी निभा चुकी हैं। वहीं खुशी कासलीवाल महिला जागृति मंच आष्टा शाखा अध्यक्ष का निर्वहन कर रही हैं। श्रीमती जैन व श्रीमती कासलीवाल की नई जिम्मेदारी पर आष्टा जैन समाज के वरिष्ठजनों, समाजसेवियों, पुलक मंच परिवार के सदस्यों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीमती जैन के सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान को देखते हुए उन्हें महत्वपूर्ण दायित्व मिलना आष्टा के लिए गौरव की बात है।समाजजनों ने उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपनी सक्रियता, समर्पण और संगठनात्मक क्षमता से पुलक मंच परिवार की गतिविधियों को नई दिशा प्रदान करेंगी।

राग में अंधा होकर व्यक्ति कर्म बंधन में फंसता है, विवेक से आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है: वीरतेंद्र महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा तीर्थ श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर किला के उपाश्रय में आशीष वचन देते हुए मुनि वीरतेन्द्र विजय महाराज ने भगवान महावीर स्वामी के शासन के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान के शासन में बिना अनुमति लिए या बिना विचार किए कोई कार्य नहीं करना चाहिए। मंदिर और धर्म क्षेत्र में मनमानी करने वाला व्यक्ति अंततः परेशान होता है। जो भगवान के शासन में प्रवेश कर उनके बताए मार्ग पर चलता है, वह अपने आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि तीन लोक के नाथ भगवान महावीर सम्राट हैं। जो व्यक्ति भगवान और धर्म के प्रति समर्पित रहता है, उसी जीवन की वास्तविक कीमत है। व्यक्ति को सदैव धर्म के प्रति समर्पित रहकर गुरु भगवंत से मार्गदर्शन लेना चाहिए। वीरतेन्द्र महाराज ने कहा कि हमारी आत्मा में तीन भयंकर दोष हैं। व्यक्ति शरीर के सुख के लिए गलत कार्य करता है, कषाय करता है और धीरे-धीरे कषाय के अधीन हो जाता है। उन्होंने कहा कि शरीर सुख भोगता है और गलत कार्य करता है, लेकिन उसके कर्मों की सजा आत्मा को भुगतनी पड़ती है। परिवार के लिए धन कमाने के नाम पर व्यक्ति झूठ-सच बोलकर पाप करता है, लेकिन उसके कर्मों का फल उसे स्वयं ही भोगना पड़ता है।उन्होंने कहा कि व्यक्ति धीरे-धीरे नास्तिकता की ओर बढ़ रहा है। पाप से बचने के लिए गुरु भगवंत से पूछकर और धर्म का मार्ग अपनाकर जीवन को संयमित करना चाहिए। गृहस्थ जीवन अनेक पापों से घिरा हुआ है, इसलिए उनसे बचने का निरंतर प्रयास करते हुए बारह व्रतधारी श्रावक बनने का प्रयास करना चाहिए। कर्म कटते हैं तो देव, गुरु और शास्त्र का सानिध्य प्राप्त होता है।वीरतेन्द्र महाराज ने कहा कि केवल भगवान का नाम लेना पर्याप्त नहीं है, जीवन में उनके बताए मार्ग को अपनाना भी आवश्यक है। व्यक्ति राग में अंधा हो जाता है और संसार में स्वार्थ बढ़ता जाता है। ऐसे में जीवन में विवेक होना अत्यंत जरूरी है। गुरुभगवंत ने विवेक को महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया है। उन्होंने कहा कि अच्छाई और योग्य आचरण करने वाला ही सच्ची आराधना के मार्ग पर आगे बढ़ता है।

आंगन मिलन कार्यक्रम संपन्न

सीहोर। वार्ड क्रमांक 12 में 6 आंगनवाड़ियों के संयुक्त तत्वावधान में आंगन मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहभागिता करने का अवसर गोविंद मीणा को भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सीताराम यादव , नगर मंडल अध्यक्ष शसुशील ताम्रकार, मंडल उपाध्यक्ष रोहित यादव एवं जितेंद्र यादव, तथा भाजपा ओबीसी मोर्चा महामंत्री प्रशांत राठौर गरिमामयी उपस्थिति रही।

बच्चों के लिए आंगनबाड़ी में आरो वॉटर प्रदान किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन सेवा संकल्प अभियान के निमित आंगनबाड़ी केंद्र शेखुखेड़ा में बच्चों के लिए स्वच्छ पानी पीने के लिए आरो वॉटर तेजसिंह कप्तान नगर परिषद् उपाध्यक्ष के द्वारा प्रदान किया गया जिसमे उपस्थित आंगन बाड़ी सुपरवाइजर पंचायत सचिव कमल सिंह ठाकुर, शिक्षक धूल सिंह परिहार ,शिक्षक भीमसिंह ठाकुर पूर्व सरपंच उपस्थित रहे।

कविता चंद्रवंशी का विधायक ने किया स्वागत-सम्मान



आष्टा। नगर की प्रथम साहसी महिला कविता चंद्रवंशी व उनके बेटे यस ने बाइक से आष्टा से लेह-लद्दाख तक का 5 हजार किमी का लंबा जोखिम भरा एवं रोमांचकारी सफर पूर्ण कर आष्टा लौटने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने नगर की प्रथम साहसी महिला जिन्होंने अपने पुत्र यस चंद्रवंशी को सारथी के रूप में साथ रख कर सपने को पूरा कर इतिहास रचा,का स्वागत सम्मान कर उनकी हिम्मत और साहस को नमन कर बधाई दी । बेटे यश एवं माताश्री कविता चंद्रवंशी की ये बाइक यात्रा एक ऐतिहासिक बाइक यात्रा के रूप में दर्ज हो गई है । मध्यप्रदेश के आष्टा नगर के लिए निश्चित यह गौरव का एवं गर्व का क्षण है। आष्टा नगर निवासी यश चंद्रवंशी और उनकी माताश्री कविता चंद्रवंशी ने निश्चित अपने जुनून,निडर हौसले और आपसी विश्वास के तहत अनोखी मिसाल पेश करते हुए बाइक पर सवार हो कर आष्टा से लेह-लद्दाख तक का लगभग 5 हजार किलोमीटर का सफर तय किया ओर वापस लौटे है। उक्त साहसी महिला कविता चंद्रवंशी का विधायक ने अपने कार्यालय पर आमंत्रित किया एवं उनका स्वागत सम्मान कर उनेह अपनी ओर से प्रोत्साहन राशि भेंट की। इस अवसर पर नगर की महिला पत्रकार किरण रांका विशेष रूप से उपस्तिथ रही।

विद्यार्थियों ने बनाई स्वच्छता ही सेवा की मानव आकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद आष्टा द्वारा स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता एवं विद्यार्थियों में स्वच्छता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष महोदया हेम कुंवर रायसिंह मेवाड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य मो. खान एवं स्कूल स्टाफ की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद आष्टा की सहयोगी संस्था यूनिक वेस्ट मैनेजमेंट एंड कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड, उज्जैन की टीम द्वारा विद्यार्थियों के सहयोग से स्वच्छता ही सेवा की मानव आकृति बनाई गई।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि स्वच्छता केवल नगर पालिका या सफाई मित्रों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को 2 अक्टूबर, महात्मा गांधी जयंती एवं स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित होने वाले सामूहिक श्रमदान में सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों से अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा "स्वच्छता में सहभागिता" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए स्वच्छ एवं सुंदर आष्टा के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया।नगर पालिका परिषद आष्टा द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि 2 अक्टूबर को सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित सामूहिक श्रमदान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वच्छता के इस जनआंदोलन को सफल बनाएं।नगर पालिका की ओर से कार्यक्रम में मुख्य रूप से जागरूकता गतिविधि टीम लीडर राजकुमार अकेला, अनीश सोलंकी उपस्थित रहे।

देवउठनी एकादशी पर होगा सर्वतेलीय समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

विवाह सम्मेलन से समय, श्रम और धन का अपव्यय रूकता हैं: साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जहॉ आज समाज में भौतिकता, दिखावा, वैवाहिक आयोजनो में प्रतिस्पर्धा, अति व्यय बढ़ता जा रहा हैं, वही सामूहिक विवाह सम्मेलन से समय, श्रम एवं धन का अपव्यय रूकता हैं एवं समाज का छोटा या बडा वर्ग एक ही स्थान पर आकर वैवाहिक परिणय में बंधते हैं तो सामाजिक एकरूपता तो दिखती ही हैं, वही छोटे बढे का भेद भी समाप्त होता हैं। सामूहिक विवाह सम्मेलन आज की समय की महती आवश्यकता हैं। इंदौर साहू तेलीय समाज ने इसी उद्देश्य से देवउठनी एकादशी पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया हैं। उक्त आशय के उद्गार तैलिक साहू राठौर महासभा मध्य प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष एवं श्री सकल पंच साहू वैश्य बाथली समाज इंदौर की अध्यक्ष एडवोकेट भावना सुरेश साहू ने आष्टा साहू समाज धर्मशाला में इंदौर में 20 नवंबर को दलालबाग परिसर, वी.पी. रोड, कालका माता मंदिर चौराहा के पास, इंदौर आयोजित होने वाले साहू समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं अन्नकूट महोत्सव के आयोजन में आमंत्रित करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। कहा कि साहू तैलीय समाज पूरे देश में बसा हुआ हैं। इंदौर महानगर की श्रेणी में आता हैं, इसलिए साहू समाज ने पूरे समाज को एक जाजम पर एकत्रित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया हैं। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि साहू समाज बहुत मेहनती एवं परिश्रम करने वाला समाज हैं। अपने कौशल से साहू समाज हर क्षैत्र में कार्यरत हैं। ऐसे आयोजन से समाज में एकरूपता बढेगी, वही समय, श्रम एवं धन का अपव्यय भी रूकेगा। सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से समाज के धनी एवं गरीब वर्ग के बीच की दूरी को कम किया जा सकता हैं। साहू समाज का यह आयोजन समाज की एकरूपता की दिशा में सार्थक कार्य करेगा। आष्टा साहू समाज के अध्यक्ष राजकुमार मांगीलाल साहू ने कहा कि आष्टा साहू समाज इस वृहद सामूहिक विवाह सम्मेलन में प्रतिभागिता तो करेगा ही वही समाज ऐसे आयोजन की प्रशंसा करता हैं। समाजजन का दुपट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष कमलेश साहू, श्रीमती पार्वती साहू, एडवोकेट शालिनी जितेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, सतीश साहू, ओमी साहू, भविष्य साहू, दीपेश साहू, उमेश साहू, संजय चौरसिया सहित समाज के वरिष्ठजन एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित



आष्टा। स्थानीय टैलेंट इनोवेटिव हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम और प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इस दौरान देश के होनहार जाबांज केप्टन स्मिथ मच्छार के धैर्य, शौर्य, सूझबूझ और पराक्रम की जमकर प्रशंसा की गई। जिसके कारण एक बड़ी विमान दुर्घटना टली व 180 से अधिक यात्रियों की जान बची। कार्यक्रम के अगले चरण में बोहरा समाज के प्रतिष्ठित धर्मगुरु डॉ सैयदना साहब के जन्मदिवस के अवसर पर उनके जीवन, उनकी शिक्षाओं और समाज कल्याण में उनके योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उनके शांति, प्रेम और भाईचारे के संदेश से सभी को अवगत कराया।इसके साथ ही, कार्यक्रम में प्राचार्य सुदीप जायसवाल ने उपस्थित विद्यार्थियों को बोहरा समाज की नीतियों और उनके सांस्कृतिक संदर्भों से भी परिचित कराया गया।उन्होंने बताया कि बोहरा समाज हमेशा से देश की प्रगति, व्यापारिक ईमानदारी, शिक्षा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है। स्कूल प्रबंधन ने इस आयोजन को सर्वधर्म समभाव और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने वाला एक अनुकरणीय प्रयास बताया।